अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 3 फरवरी 2025
माघ शुक्ल-षष्ठी
विक्रम संवत-2081

PAGE NO, 06, BOTTOM

# रिद्धिमा में नाटक चित्रा का हुआ मंचन

**बरेली।** रिद्धिमा में रविवार को रवींद्रनाथ टैगोर लिखित संगीतमय नाटक चित्रा का मंचन शानदार मंचन किया गया। नाटक में महाभारत की एक प्रमुख पात्र चित्रांगदा और अर्जुन की कहानी है। यह नाटक चित्रा के साथ शुरू होता है।

रुबरू थिएटर दिल्ली के इस नाटक का निर्देशन काजल सूरी ने और नाटकीय रूपांतरण विक्रम शर्मा ने किया। नाटक मंचन देख दर्शकों ने खूब तारीफ की। नाटक में चित्रा और अर्जुन की प्रमुख भूमिका वर्षा और स्पर्श रॉय ने निभाई। शुभम शर्मा (मदन), नीरज तिवारी (योद्धा 1), कृष बब्बर (योद्धा 2) ने भी अपनी भूमिकाओं में न्याय किया।

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार सहित शहर के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। संवाद